प्रेषक,

सुरेन्द्र सिंह,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
एफ0टी0सी0 (न्यू.), सीतापुर।

सेवा में,

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
प्रयागराज।

द्वारा– जनपद न्यायाधीश, सीतापुर।

विषयः **स्थानान्तरण को सीतापुर में स्थगित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी वर्ष 2019 में माननीय उच्च न्यायालय के नॉटिफिकेशन से जनपद सीतापुर में स्थानान्तरित होकर आया था, प्रार्थी का तीन वर्ष का सामान्य कार्यकाल माह अप्रैल 2022 में पूर्ण हो रहा है। प्रार्थी के दो बच्चे हैं, जो कि सीतापुर में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ज्येष्ठ पुत्र यश सिंह इस सत्र में सेक्रेड हार्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल सीतापुर में कक्षा 9 का विद्यार्थी है, अगले सत्र में यश सिंह कक्षा 10 का छात्र होगा और उस समय उसका सी0बी0एस0ई0 बोर्ड होगा। स्थानान्तरण होने पर मेरे पुत्र को प्रवेश स्थानान्तरित कराने एवं बोर्ड की परीक्षा परीक्षा की तैयारी में नए जनपद होने के कारण शिक्षा ग्रहण करने में अत्याधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा, जिससे बोर्ड की परीक्षा में उसका प्रदर्शन प्रभावित होगा और उसका प्रभाव उसके अग्रिम कैरियर पर पड़ेगा, ऐसी स्थिति में मेरा इस जनपद में स्थानान्तरण स्थगित किया जाना आवश्यक है।

अतः माननीय महोदय से अति विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि प्रार्थी के पुत्र की बोर्ड परीक्षा एवं उसके भविष्य को दृष्टिगत रखते हुये सहानुभूतिपूर्वक विचार करके प्रार्थी का स्थानान्तरण जनपद सीतापुर में इस वर्ष स्थगित करने की महती कृपा करें। प्रार्थी सदैव आभारी रहेगा।

सादर।

दिनांक 17.11.2021

भवदीय,

(सुरेन्द्र सिंह)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
एफ0टी0सी0 (न्यू.), सीतापुर।

Digitally signed by Surendra Singh
Date: 2021.11.17 16:37:53 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court Sitapur